वाढवण के युवाओं के लिए वीपीपीएल और जीटीआई की पहल, 'कंटेनर टर्मिनल असोसिएट' प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

नवी मुंबई, 25 नवंबर 2026: वाढवण पत्तन कौशल विकास कार्यक्रम के तहत, वाढवण पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड (वीपीपीएल) ने आज वाढवण क्षेत्र के युवाओं के लिए 'कंटेनर टर्मिनल एसोसिएट' प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की शुरुआत की। यह कार्यक्रम वीपीपीएल के टर्मिनल साझेदारों में से एक, गेटवे टर्मिनल्स इंडिया (जीटीआई) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

इस कौशल विकास कार्यक्रम के तहत युवाओं को स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण एवं संरक्षण (एच एस एस इ), पत्तन प्रचालन और इंजीनियरिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कंटेनर टर्मिनल एसोसिएट के रूप में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाना, उन्हें रसद एवं पत्तन क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल बनाना और क्षेत्र के समावेशी विकास को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर **वीपीपीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) गौरव दयाल, भा.प्र. से.,** ने कहा, *"जीटीआई के सहयोग से वाढवण पत्तन कौशल विकास कार्यक्रम के तहत इस नए पाठ्यक्रम की शुरुआत क्षेत्र के लोगों को वाढवण पत्तन की विकास यात्रा में सहभागी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप और वैश्विक मानकों पर आधारित कौशल प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे पत्तन क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।"*

उन्होंने आगे कहा, *"इस क्षेत्र के स्थानीय समुदायों के कौशल विकास, बेहतर भविष्य और उनकी आकांक्षाओं को साकार करने में निवेश कर उनके लिए दीर्घकालिक समृद्धि के अवसर तैयार करना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। इस प्रयास में महत्वपूर्ण सहयोग देने के लिए हम जीटीआई के आभारी हैं। हमारा प्रयास है कि वाढवण पत्तन की प्रगति का लाभ हर एक परिवार तक पहुंचे और स्थानीय समुदाय भी इस विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बनें।"*

डेढ़ वर्ष की अवधि वाले इस कार्यक्रम में पहले छह महीने प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद एक वर्ष की अप्रेंटिसशिप होगी। जीटीआई के उद्योग विशेषज्ञ युवाओं को प्रशिक्षण देंगे। छह महीने का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद विद्यार्थियों को अप्रेंटिसशिप अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार विद्यावेतन दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम को एनएसडीसी के अंतर्गत लॉजिस्टिक्स सेक्टर काउंसिल द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।

भारत के प्रमुख समुद्री व्यापार केंद्रों में से एक के रूप में वाढवण पत्तन विकसित हो रहा है। ऐसे में वीपीपीएल का निरंतर प्रयास है कि कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार निवेश के माध्यम से इस परियोजना से स्थानीय समुदाय के लिए प्रगति के नए अवसर सृजित हों और पत्तन के विकास का लाभ क्षेत्र के लोगों तक पहुंचे।

*****

वीपीपीएल के बारे में:

वढवाण पत्तन प्राइवेट लिमिटेड (वीपीपीएल) भारत का 13वां प्रमुख पत्तन है, जिसे जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जेएनपीए) और महाराष्ट्र मेरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) के बीच गठित एक स्पेशल परपज़ वेहिकल (एसपीवी) के रूप में स्थापित किया गया है। महाराष्ट्र राज्य के पालघर ज़िले के दहानू के समीप रणनीतिक रूप से स्थित यह पत्तन वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 पत्तनों में स्थान प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। इस पत्तन की आधारशिला 30 अगस्त 2024 को भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई थी।

संपोषणीय विकास के प्रति प्रतिबद्ध, वीपीपीएल को प्रारंभ से ही 100% हरित (ग्रीन) पत्तन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय प्रभाव न्यूनतम रहे। 24 मिलियन टीईयू (TEUs) की संभाल क्षमता के साथ यह पत्तन व्यापारिक दक्षता में वृद्धि करेगा, आर्थिक विकास को गति देगा और क्षेत्रीय प्रगति में योगदान देगा। वढवाण पत्तन स्किलिंग प्रोग्रा* जैसी पहलों के माध्यम से वीपीपीएल स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दे रहा है।

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर जाएँ:

वीपीपीएल वेबसइट- https://vadhvanport.in/

X- VadhvanPort | फेसबुक - Vadhvan Port Project Ltd | इंस्टाग्राम -vadhvanport

लिंक्डइन -Vadhvan Port Project Ltd

मीडिया पूछताछ के लिए संपर्क करें:

अंबिका सिंह | उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार और प्रशिक्षण), वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड।

मोबाइल: +919920372677

ई-मेल: ambikasingh@jnport.gov.in